सत्र 2013-14

कक्षा: छठी
विषय: हिंदी
नियत कार्य संख्या 7 (SA2)

पाठ्यपुस्तक : पन्ना धाय
व्याकरण: सर्वनाम, मुहावरे, अपठित गद्यांश।

प्रश्न1. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए
(क) रानी कर्मवती के हृदय की मुख्य चिंता क्या थी?
(ख) राजकुमार उदय की जान सुरक्षित क्यों नहीं थी?
(ग) पन्ना धाय ने राजकुमार की सुरक्षा का क्या उपाय रानी कर्मवती को बताया?
(घ) पन्ना धाय के पुत्र का क्या नाम था?
(ङ) रानी कर्मवती ने पन्ना धाय को क्या निर्देश दिए?
(च) बनवीर उदय सिंह का वध क्यों करना चाहता था?
(छ) अंततः बनवीर ने किसका वध कर डाला?

प्रश्न2. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए
(क) मेवाड़ की महारानी — पन्ना, कर्मवती
(ख) पन्ना का पुत्र — उदयसिंह, जसवंत
(ग) पन्ना धाय ÷ राजस्थानी वीरांगना, पहाड़ी वीरांगना

प्रश्न3: सही अर्थ पर सही (✓) का चिह्न लगाइए
दुर्दिन - बुरा समय, बेकार समय
व्यग्रता - चैन, बेचैनी

प्रश्न4. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द का चुनाव करके कीजिए
(क) मैंने राणा —— को मार दिया है। (विक्रम, विरोचन)
(ख) पन्ना का —— फटने लगता है। (कलेजा, हृदय)

व्याकरण।

प्रश्न 5. सर्वनाम शब्द को रेखांकित करते हुए भेद का नाम लिखिए

(क) यह मेरी घड़ी है।

(ख) आप कहाँ गए थे?

(ग) जैसी करनी वैसी भरनी।

(घ) उसने अपनी रक्षा स्वयं की

(ङ) बाहर कोई आया है।

प्रश्न 6. सर्वनाम शब्द द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

(क) दूध में —— पड़ा है।

(ख) —— करोगे —— भरोगे

(ग) अध्यापिका ने —— कहा?

(घ) जिसकी लाठी —— भैंस।

प्रश्न 7. अर्थ पढ़कर मुहावरा लिखिए

(क) अत्यन्त क्रोधित होना

(ख) होशियार हो जाना

(ग) बदनाम करना

(घ) झुकना

प्रश्न 8. निम्नलिखित मुहावरों में अशुद्धियों को ठीक करके पुन: लिखिए।

(क) नेत्रों में धूल झोंकना

(ख) कान बैठना

(ग) नाकों गोली चबाना

(घ) बातों बात खबर न होना

प्रश्न 9. अध्याय 36 (अपठित गद्यांश) के किसी भी एक गद्यांश का चुनाव कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए और निर्धारित प्रश्नों का उत्तर लिखिए।